बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 01/भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी(विपरीत प्रमाण पत्र)–06/2023 692 **पटना, दिनांक** : 06/02/2024

आदेश

निदेशालय ज्ञापांक 10642 दिनांक 01.09.2020 द्वारा काशिफ अबरार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02780) को नियोजित करते हुए बंदोबस्त कार्यालय, अररिया में पदस्थापित किया गया है। नियोजन के उपरांत इनके द्वारा समर्पित डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग प्रमाण पत्र की जांच/सत्यापन के क्रम में संज्ञान में आया है कि निदेशालय स्तर पर प्रकाशित विज्ञापन संख्या – 1/2019 में विशेष सर्वेक्षण अमीन के पद पर नियोजन हेतु शैक्षणिक योग्यता सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा निर्धारित है, जबकि काशिफ अबरार का शैक्षणिक प्रमाण पत्र प्रकाशित विज्ञापन से भिन्न अर्थात Diploma in Civil Engineering के स्थान पर BE in Civil Engineering है, जो कि उक्त पद पर नियोजन के लिए निर्धारित नियम एवं मापदंड के विपरीत है।

संविदा नियोजित उपरोक्त कर्मी से प्रकाशित विज्ञापन में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता से भिन्न योग्यता के आधार पर नियोजन प्राप्त करने के विरूद्ध भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 5532 दिनांक 07.07.2023 द्वारा 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा निर्धारित अवधि में स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है। इनके द्वारा स्पष्टीकरण में उल्लेख किया गया है कि इनका प्रमाण पत्र निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता से उच्चतर है। साथ ही उल्लेख किया गया है कि इन्हें जानकारी नहीं थी कि उच्चतर डिग्री वाले को फार्म नहीं भरना है।

प्राप्त स्पष्टीकरण एवं संचिका में रक्षित अभिलेखों का अवलोकन किया गया है। अवलोकनोपरांत पाया गया है कि इनके द्वारा अपने स्पष्टीकरण में यह तर्क दिया गया है कि इनका प्रमाण पत्र निर्धारित शैक्षणिक योग्यता से उच्चतर है। इस संबंध में स्पष्ट करना है कि विशेष सर्वेक्षण अमीन के पद पर नियोजन हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता Diploma in Civil Engineering के आधार पर ही विज्ञापन–01/2019 में उक्त पद चयन प्रक्रिया स्पष्ट की गयी है, जिसमें मैट्रीक के लिए 10 प्रतिशत एवं डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग के लिए 90 प्रतिशत अंक़ का वेटेज दिया गया है। इसमें कहीं भी उच्चतर डिग्री पर वेटेज का प्रावधान नहीं किया गया है। स्पष्ट है कि न्यूनतम शैक्षणिक अहर्त्ता पर ही वेटेज अंक का प्रावधान किया गया है न कि उच्चतम अहर्त्ता ऐसी स्थिति में इनके द्वारा स्पष्टीकरण में दिए गए तर्को को स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

अतः प्रकाशित विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अहर्त्ता से भिन्न शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र पर नियोजन प्राप्त करने के फलस्वरूप इनके द्वारा नियोजन हेतु समर्पित Terms of Assignment की कंडिका – 4 में निहित प्रावधान के आलोक में काशिफ अबरार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02780) का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

(जय सिंह) 6/2/24
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01/भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी(विपरीत प्रमाण पत्र)–06/2023 692 **पटना, दिनांक** : 06/02/2024

प्रतिलिपि :– काशिफ अबरार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02780) .बंदोबस्त कार्यालय, अररिया को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01/भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी(विपरीत प्रमाण पत्र)–06/2023 692 **पटना, दिनांक** :– 06/02/2024

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, अररिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01/भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी(विपरीत प्रमाण पत्र)–06/2023 692 **पटना, दिनांक** :– 06/02/2024

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं निदेशालय अंतर्गत R2R में संधारित इनकी व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप